# प्रस्ताव के बारे में विवरण एवं प्रस्ताव की औचित्य एवं आवश्यकता

## परियोजना का नामः– जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र अल्मोड़ा के विकासखण्ड भैंसियाछाना के अन्तर्गत सल्ला–भाटकोट से सूकना सल्यूणी तक लिंक मोटर मार्ग का नव निर्माण (लम्बाई 5.500 किमी०)

उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग सेराघाट–मल्ली नाली के किमी0 3.500 से प्रारम्भ होकर ग्राम सूकना सल्यूणी को जोड़ता है। उक्त मोटर मार्ग की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति शा0सं0–80/III (2)/ 18–52 (एम0एल0ए0) /2017 दिनांक 16.01.2018 द्वारा ल0 5.00 किमी0 व रू0 19.89 लाख की प्रथम चरण हेतु प्राप्त है। स्वीकृत समरेखन पर ग्राम वासियों द्वारा अपनी भूमि देने में आपत्ति व्यक्त की गयी। जिस कारण विस्तृत सर्वेक्षण के समय समरेखन को परिवर्तित करना पड़ा। जिस कारण मार्ग की लम्बाई में परिवर्तन हुआ। जिस कारण मार्ग की लम्बाई में वृद्धि हुई है। जिस कारण मार्ग की वास्तविक लम्बाई 5.500 किमी0 आती है। जिस पर ग्रामवासियों की सहमति प्राप्त है। वर्तमान में मोटर मार्ग को लिंक मोटर मार्ग में परिवर्तित करने हेतु शा0सं0–2313/III(2) 19-52 (MLA)/17TC dt 26.06.2019 द्वारा स्वीकृति प्राप्त है।

प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण होने से निम्नलिखित ग्रामों की जनसंख्या भी लाभान्वित होगी।

| क0सं0 | ग्राम का नाम | लाभान्वित होने वाली जनसंख्या |
|---|---|---|
| 1 | सल्यूणी | 269 |
| 2 | सूकना | 113 |
| योग | | **382** |

उक्त क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अनाज, सब्जी फल आदि का उत्पादन होता है, परन्तु सड़क न होने से स्थानीय जनता का विपर्णन का कार्य नहीं हो पाता है। इसके अतिरिक्त अल्मोड़ा जिला पर्यटन की दृष्टि से भी अग्रणीय है। सड़क बनने से इस क्षेत्र में पर्यटन की भी सम्भावनाऐं हैं। सड़क की व्यवस्था न होने के कारण ग्रामीण जनता को यातायात की सुविधा नहीं मिल पा रही है। उत्तराखण्ड शासन द्वारा उक्त ग्रामों को जोड़ने हेतु मोटर मार्ग स्वीकृत किया गया है।

उक्त मार्ग की प्रस्तावित लम्बाई 5.500 किमी0 है मार्ग की चौड़ाई 9.00 मीटर ली गई है। मार्ग के निर्माण में सिविल भूमि 3.582 है0 (राज्य भूमि), वन पंचायत भूमि 0.198 है0 तथा नाप भूमि 0.180 है0 प्रभावित होती है। अन्य किसी श्रेणी की भूमि प्रभावित नहीं होती है। स्थल चयन के अन्तर्गत कोई मकान, मस्जिद, कब्रिस्तान का भाग नही पड़ता है। इस मोटर मार्ग का भूगर्भीय सर्वेक्षण कर लिया गया हैं जो कि उचित पाया गया। मोटर मार्ग का समरेखन अधीक्षण अभियन्ता से स्वीकृत है। कुल 382 जनसंख्या इस मोटर मार्ग के निर्माण से लाभान्वित होती है। सड़क बनने से निश्चित रूप से क्षेत्र का विकास होगा। रोजगार के अवसर बनेंगे। स्थानीय कृषक अपने उत्पादों को बाजार में ला सकेगें, जिससे उन्हें अपने उत्पादों का उचित मूल्य मिलेगा तथा उक्त क्षेत्र में सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टि से भी बीमार/अस्वस्थ्य व्यक्तियों को मुख्य मार्ग तक लाने में अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, सड़क निर्माण होने से उक्त समस्या का निदान होगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य संबन्धित सुविधाओं का विकास होगा एवं ग्रामवासियों का पलायन भी रूकेगा। इस दृष्टि से उक्त मोटर मार्ग का निर्माण आवश्यकीय है। इसी उद्देश्य से वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव गठित कर प्रस्तुत किये गये हैं।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0विभाग

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0विभाग
अल्मोड़ा